राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल ने स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपुर, 15 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार सायं यहां महावीर स्कूल में स्व. कर्नल श्री किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रार्थना सभा में पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस मौके पर कहा कि कर्नल बैंसला सरल, सहज और विरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल ने स्व. बैंसला की तस्वीर पर पुष्प चढ़ा कर उनकी पुण्यात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। राज्यपाल ने उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस भी बंधाया।

वृंदावन बालाजी देवस्थान का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल श्री मिश्र

जयपुर, 15 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार प्रातः जयपुर से एक दिवसीय प्रवास पर वृंदावन जाएंगे। राज्यपाल हनुमान जयंती (16 अप्रैल) के अवसर पर उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के वृंदावन स्थित वृंदावन बालाजी देवस्थान का उद्घाटन करेंगे।

चार दिवसीय दिल्ली प्रवास पर रहेंगे राज्यपाल

राज्यपाल श्री मिश्र शनिवार को ही दिल्ली के चार दिवसीय प्रवास पर रवाना होंगे। उनका 19 अप्रैल को जयपुर वापसी का कार्यक्रम है।